# 6 मई से सुशासन तिहार समाधान शिविर निगम भिलाई के विभिन्न वार्डो में

**भिलाईनगर।** सुशासन तिहार में प्राप्त 1683 आवेदनों का निराकरण हो चुका है। जो शेष है उसे प्रशासनिक अनुमति के लिए भेजा जाएगा। निराकृत आवेदनों के समाधान के पश्चात निगम का दल नोडल अधिकारी आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचकर किए गए समाधानों कार्यों का निरीक्षण करेंगे, संबंधित व्यक्ति से भी बात करेंगे। । इसी उददेश्य से समाधान शिविर लगाया जा रहा है। समाधान शिविर में भी यदि कोई नागरिक अन्य कार्य के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे भी स्वीकार किया जायेगा। शिविर के सहायक नोडल अधिकारी जोन 1 आयुक्त अजय सिंह राजपूत, जोन 2 ऐशा लहरे, जोन 3 सतीश यादव, जोन 4 अमरनाथ दुबे, जोन 5 कुलदीप गुप्ता रहेंगे। अपने-अपने जोन के समाधान शिविर में रहेंगे। प्रथम शिविर नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 में लगाया जा रहा है। शिविर स्थल दिनांक 06.05.2025 दिन मंगलवार वार्ड क्रं. 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी समाधान शिविर आयोजित है। जिसमें कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर, प्रभारी सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा दल के सदस्यों के साथ सामुहिक रूप से उपस्थित रहेंगे। 6 मई के समाधान शिविर में सम्मिलित वार्ड 09 राजीव नगर, वार्ड 10 लक्ष्मी नगर, वार्ड 11 फरीद नगर, वार्ड 12 अवंती बाई कोहका, वार्ड 13 पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड 17 नेहरू भवन, वार्ड 18 कांट्रेक्टर कालोनी के नागरिकगण उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते है। दिनांक 09.05.2025 दिन शुक्रवार जोन 01 कार्यालय नेहरू नगर पानी टंकी में सम्मिलित वार्ड 01 जुनवानी, वार्ड 02 स्मृति नगर, वार्ड 03 मॉडल टाउन, वार्ड 04 नेहरू नगर, वार्ड 05 कोसा नगर, वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर, वार्ड 07 राधिका नगर, वार्ड 08 कृष्णा नगर के नागरिकगण सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत अपने मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदन किए है, उसका समाधान किया जा चुका है। उस संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। आवश्यकतानुसार दुसरा आवेदन भी कर सकते है। शिविर का उददेश्य है, शासन की जनकल्याणकारी नितीयों एवं किए जा रहे जन उपयोगी कार्यो से लोगो को अवगत कराना। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो सके।

